http://www.a2zsubjects.com

B–2073

B. A. (Part I) EXAMINATION, 2018

HINDI LITERATURE

Paper First

(प्राचीन हिन्दी काव्य)

Time : Three Hours] [*Maximum Marks : 75*

नोट : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. निम्नलिखित पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 24

(क) अंबर कुंजाँ कुरलियाँ, गरजि भरे सब ताल।
जिन थैं गोविन्द वीछुटे, तिनके कौण हवाल॥
बासुरि सुख माँ रैणि सुख, माँ सुखि सुपिनै माँहि।
कबीर बिछुट्या राम सूँ, ना सुख धूप न छाँहि॥

अथवा

चैत बसंता होइ धमारी। मोहि लेखै संसार उजारी॥
पंचम विरह पंच सर मारै। रकत रोइ सकरौ बन ढारै॥
बूढ़ि उठे सब तरिवर पाता। भांजि मजीठ टेसु घन राता॥
बौरे आम फरैं अब लागै। अबहुँ आउ घर, कंत समागै॥

(ख) हमसो कहत कौन की बातें ?
सुनि ऊधो। हम समुझत नाही फिरि पूछति हैं तातें॥

http://www.a2zsubjects.com

http://www.a2zsubjects.com

http://www.a2zsubjects.com

http://www.a2zsubjects.com

को नृप भयो कंस किन मार्‌यो को वसुधौ-सुत-आहि ?
यहाँ हमारे परम मनोहर जीजतु हैं मुख चाहि॥
दिन प्रति जात सहज गोचारण गोप सखा लै संग।
बासरगतं रजनी मुख आवत करत नयन गति पंग॥
को व्यापक पूरन अविनासी को विधि वेद अपार।
सूर वृथा बकवाद करत हौ या ब्रज नन्दकुमार॥

अथवा

हीन भरो जल मीन अधीन कहा कछु मो अकुलानि समानै।
नीर सनेही का लाय कलंक निरास है कायर त्यागत प्रानै॥
प्रीति को रीति सु क्यौं समुझै जड़ मीत के पानि परे को प्रमानै।
या मन की जु दसा घन आनन्द जीव की जीवनि जान ही जानै॥

(ग) श्री गुरु चरण सरोज रज निज मनु मुकुरु सुधारि।
बरनऊँ रघुवर विमल जसु जो दायकु फल चारि॥
जब तें रामु ब्याहि घर आए। नित नव मंगल मोद बधाए॥
भुवन चारिदास भूधर भारी। सुकृत मेघ बरषहि सुख बारी॥

अथवा

बाल सखा सुनि हियं हरषाहीं। मिलि दस पाँच राम पहिं जाहीं॥
प्रभु आदरहिं प्रेमु पहिचानी। पूछहिं कुसल खेल मृदु बानी॥
फिरहिं भवन प्रिय आयसु पाई। करत परसपर राम बड़ाई॥
को रघुबीर सरिस संसारा। सीलु सनेहु निबाह निहारा॥

2. कबीरदास के काव्य की विशेषताएँ बताइये। 8

अथवा

जायसी के 'पद्मावत' में "नागमती विरह वर्णन" को उदाहरण सहित समझाइये।

http://www.a2zsubjects.com

http://www.a2zsubjects.com

3. सूरदासजी ने भ्रमरगीत में ज्ञान पर भक्ति की विजय वर्णित की है। आप उदाहरण सहित समझाइये। 8

अथवा

तुलसीदास के समन्वयवादी दृष्टिकोण पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डालिए।

4. 'घनानन्द "प्रेम की पीर" के गायक हैं।' इस कथन के आधार पर घनानन्द के काव्य की विशेषताएँ समझाइये। 8

अथवा

सगुण काव्यधारा की विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए : 15
   (i) विद्यापति के काव्य में गीतात्मकता
   (ii) रहीम के काव्य में नीति तत्व
   (iii) रसखान का काव्य
   (iv) रीति स्वच्छन्द काव्यधारा
   (v) हिन्दी साहित्य का इतिहास : काल विभाजन

6. निम्नलिखित में से किन्हीं **बारह** वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 12
   (i) 'रामचरितमानस' के रचनाकार का नाम बताइये।
   (ii) सूरदास द्वारा रचित महाकाव्य का नाम बताइये।
   (iii) कबीरदासजी को 'वाणी का डिक्टेटर' किसने कहा है ?
   (iv) जायसी का काव्य किस भाषा में लिखा गया है ?
   (v) रहीम कवि का पूरा नाम लिखिए।
   (vi) मैथिल कोकिल किस कवि को कहा गया ?
   (vii) पद्मावत महाकाव्य के प्रमुख **दो** पात्रों का नाम बताइये।
   (viii) बीजक किस कवि की रचना है ?

http://www.a2zsubjects.com

http://www.a2zsubjects.com

   (ix) सुजान कौन है ?
   (x) स्वच्छन्दधारा काव्य के कवि का नाम लिखिए।
   (xi) पद्मावत में हीरामन तोता किसका प्रतीक है ?
   (xii) आपकी पाठ्य-पुस्तक में रामचरितमानस का कौन-सा काण्ड संकलित है ?
   (xiii) भक्तिकाल को अन्य किस नाम से जाना जाता है ?
   (xiv) द्रुतपाठ में संकलित किसी एक रचनाकार का नाम लिखिए।
   (xv) सूर के आराध्य कौन हैं ?

http://www.a2zsubjects.com

http://www.a2zsubjects.com http://www.a2zsubjects.com http://www.a2zsubjects.com http://www.a2zsubjects.com